जनपद हमीरपुर

दिनांक 26.04.2026

प्रशिक्षण केन्द्र, रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर में दीक्षांत परेड समारोह-2026 का भव्य आयोजन।

आज दिनांक 26.04.2026 को प्रशिक्षण केन्द्र, रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद हमीरपुर में दीक्षांत परेड समारोह-2026 का सफल आयोजन किया गया। दीक्षांत परेड समारोह में श्रीमान जिलाधिकारी, जनपद हमीरपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 429 रिक्रूट आरक्षियों ने प्रतिभाग किया। रिक्रूट आरक्षियों ने उत्कृष्ट अनुशासन, समन्वय एवं एकरूपता का परिचय देते हुए परेड की समस्त गतिविधियों का प्रभावी प्रदर्शन किया। इस दौरान सलामी, ड्रिल एवं मार्च पास्ट का क्रमबद्ध एवं सटीक प्रदर्शन किया गया।

मुख्य अतिथि महोदय द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, समयबद्धता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। साथ ही परेड के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना भी की गई। कार्यक्रम के दौरान परेड ग्राउंड की साज-सज्जा, ध्वनि व्यवस्था, अतिथि स्वागत, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की गईं। समारोह में रिक्रूट आरक्षियों के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए तालियों से उनका मनोबल बढ़ाया।

तत्पश्चात पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आठों टोलियों के टोली कमांडरों सहित सर्वांगीण उत्कृष्ट एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा सभी रिक्रूट आरक्षियों को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी आरटीसी तथा पुलिस एवं प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।